हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 हिंदू कन्या महाविद्यालय छात्राओं को बस स्टैंड...



10 दूसरे दिन भी मेडिकल करवाने के लिए उमड़ी...



## कुमारी सैलजा, जयप्रकाश व सांसद ब्रह्मचारी की मौजूदगी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

# रेलवे जेई से सांसद सैलजा नाराज, डीसी ने दी एनएचएआई कर्मियों को चेतावनी, बैठक में न आने पर दर्ज करवाएंगे केस

### पिंडारा तीर्थ के लिए 1.10 करोड़ रुपये आए लेकिन अभी तक राशि को खर्च नहीं किया: ब्रह्मचारी

बैठक में 21 एजेंडों पर अधिकारियों ने प्रस्तुत की प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीआरडीए हाल में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिरसा से सांसद कुमारी शैलजा, हिसार से सांसद जय प्रकाश व सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी मौजूद रहे और केंद्रीय योजनाओं के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में प्रशासन की तरफ से डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एडीसी विवेक आर्य, सीईओ जिला परिषद अनिल दून सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में रेलवे अंडरपास में साफ-सफाई नही होने और पानी भरने को लेकर चर्चा चली तो कुमारी सैलजा ने रेलवे के जेई को बुलाया। संबंधित जेई की जगह दूसरी महिला जेई खड़ी हुई तो उससे पूछा लेकिन वह जवाब नहीं दे पाई। महिला जेई ने बताया कि जिस जेई की अंडरपास को लेकर ड्यूटी है, वह मीटिंग में नहीं आया। उसका एक्सीडेंट हो गया है। कुमारी सैलजा इस पर नाराज हो गई और कहा कि इस संबंध में वह रेलवे को शिकायत करेंगी। उन्होंने साथ ही डीसी को भी उसका नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सांसद सैलजा ने कहा कि आपके अधिकारी मीटिंग को लेकर सीरियस नही हैं। बैठक में तीन-तीन सांसद आए हुए हैं। यहां सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के तहत निर्देश दिए कि गांवों में पाइप लाइन बिछाने के बाद गलियों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। ताकि लोगों को असुविधा न हो। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्कूली बच्चों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया जाए। पानी निकासी और कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि रेलवे अंडरपास गंदगी से अटे पड़े हैं। इनमें साफ-सफाई की व्यवस्था नही है। कुमारी सैलजा ने ये भी कहा कि स्वच्छ भारत मिशन 2012 में शुरू हुआ था। अब 2025 आ चुका है लेकिन स्वच्छता कहीं नजर नहीं आ रही। सारा रुपया कचरे में जा रहा है। इसके अलावा सांसदों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के कर्मचारियों को भी कहा कि फ्लाईओवर के साइड में ड्रेन तो बना देते हो लेकिन पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती है। इससे पानी सर्विस लेन पर भर रहा है। इस पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने एनएचएआई कर्मचारियों को चेतावनी देते कहा कि आप लोग मीटिंग में नहीं आते हैं। आपके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवानी पड़ेगी। रोड सेफ्टी से लेकर मासिक मीटिंग में एनएचएआई के कर्मचारी नहीं पहुंचते। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि पिंडारा तीर्थ के लिए एक करोड़ 10 लाख रुपये आए थे लेकिन अभी तक राशि को खर्च नहीं किया गया है। हर माह अमावस पर कोई न कोई युवक डूब जाता है। यहां नौका तक की व्यवस्था नहीं है। प्रशासन इसकी व्यवस्था करे और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाए।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते तीनों सांसद। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक में मौजूद। फोटो :हरिभूमि

#### नेशनल हाईवे की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान हो

उन्होंने अधिकारियों को नेशनल हाईवे की गुणवत्ता और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। साथ ही हाईवे पर एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लेन को चिह्नित करने का भी सुझाव दिया गया। जिससे एम्बुलेंस को निर्बाध रास्ता मिल सके।

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ उसकी निगरानी भी करें ताकि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ करें और उसकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी बैठक में क्षेत्र अनुसार योजनाओं के लाभार्थियों की सूची व विकास कार्यों संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सांसद द्वारा संबंधित एजेंडों की एक-एक कर बिन्दूवार चर्चा की और अधिकारियों को तयसमय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से करवाएं। लोगों के स्वास्थ्य की दृष्टि से पेयजल व स्वच्छता दोनों ही बेहद जरूरी हैं। इसलिए इस दिशा में प्रमुखता से काम किया जाए। जिन कार्यों में उनकी ओर से कोई सहयोग की जरूरत है तो अवगत करवाएं ताकि पत्र व्यवहार कर उसका समाधान करवाया जा सके।

## प्रॉपर्टी टैक्स बिल समय पर जारी नहीं करने से जायदाद मालिको में आक्रोश

- नप ने कूड़ा उठाने के लिए रिहायशी मकान पर 240 रुपये प्रति तथा कमर्शियल जायदाद पर 600 रुपये प्रति यूनिट जबरदस्ती टैक्स थौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय कर सलाहाकार एवं नगर परिषद के पूर्व पार्षद जिले सिंह जागलान ने स्थानीय विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है कि चालू वित्त वर्ष में जायदाद मालिकों द्वारा जमा करवाए जाने वाला प्रोपर्टी टैक्स जिसकी 10 प्रतिशत रिबेट के साथ की अंतिम तिथि हर वर्ष 31 जुलाई निर्धारित की गई है, जिसके प्रोपर्टी टैक्स बिल अंतिम महीने तक भी ठेकेदार द्वारा जायदाद मालिकों को नही भेजे गए हैं। जिसके कारण जायदाद मालिकों में भारी आक्रोष है। क्योंकि 31 जुलाई के बाद जायदाद मालिकों को यह 10 प्रातिशत की छूट नही मिल पाएगी। इसी प्रकार से पिछले वर्ष भी प्रोपर्टी टैक्स के बिल 31 जुलाई के बाद भिजवाए गए थे। जिसके कारण नगर परिषद की भारी लापरवाही के चलते जायदाद मालिकों को यह 10 प्रतिषत की छूट न मिलने के कारण भारी आर्थिक घाटा उठाना पडा था। नियमानुसार यह सालाना प्रोपर्टी टैक्स बिल हर वर्ष अप्रैल महीने से बंटने शुरु किए जाने चाहिए। इससे जहां नगर परिषदों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी वहीं दूसरी और जायदाद मालिक भी 10 प्रतिषत छूट का लाभ उठा सकेंगे। पूर्व पार्षद जागलान ने प्रदेश सरकार से यह भी मांग की है कि यह प्रोपर्टी टैक्स बिल जल्दी से जल्दी वितरित करने के निर्देश जारी किए जाएं।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन

- यूजी दो, चार सेमेस्टर के कॉलेज में चल रहे सभी नॉन एनईपी कोर्स का का रिजल्ट जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में प्रिंसिपल डा. सत्यवान मलिक को ज्ञापन सौंपा और यूजी दो, चार सेमेस्टर के कॉलेज में चल रहे सभी नॉन एनईपी कोर्स का का रिजल्ट जारी करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से एबीवीपी नेता रवि जोशी ने बताया कि यूजी दो, चार सेमेस्टर के कॉलेज में चल रहे सभी नॉन एनईपी कोर्स का री कोर्स का रिजल्ट जारी नही किया है। रिजल्ट जारी न होने से विद्यार्थियों द्वारा एडमिशन फार्म भरने में समस्या आ रही है। पीजी 1, 3 सेमेस्टर के कोर्स का रिवॉल्शन रिजल्ट भी जारी नही हुआ है। इससे विद्यार्थियों एडमिशन फार्म भरने और स्पेशल चांस के फार्म भरने में समस्या आ रही है। श्रीकांत ने बताया कि पीजी कोर्स तीन सेमेस्टर का मास कम्युनिकेशन, फाइन आट्र्स, म्यूजिक, मैथेमेटिक्स, साइकोलॉजी, वाणिज्य विभाग का रिजल्ट अभी तक भी नही आया तो विद्यार्थियों को वह नही पता कि वह पास है या फेल है। अब विद्यार्थियों को स्पेशल चांस के फार्म भरने में परेशानी आ रही है। इन विद्यार्थियों कोआगे पीजी डिप्लोमा में एडमिशन भी लेना है। यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी ने इस मामले में कमेटी बनाई कर रखी है लेकिन उसके ऊपर अभी तो कोई संज्ञान नही लिया है। मोहित कुमार ने बताया कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा यूजी के नॉन एनईपी कोर्स की हियरिंग कराई जाए ताकि विद्यार्थी को एडमिशन लेने में सहायता मिल सके। जिला संयोजक वीर सैन ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा यूजी 2, 4, 6 और पीजी 2, 4 सेमेस्टर की स्पेशल चांस दे देकर परीक्षा करवाई जाए।



जींद। राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ता।

## दो तस्करों से 31 किलो 730 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा थाना पूंडरी क्षेत्र से दो नशा तस्करों को 31 किलो 730 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। बरामद किए नशीले पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 8 लाख आंकी जा रही है। पुलिस द्वारा जून माह दौरान नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करते 16 मामलो में 24 आरोपियों को काबू करके उल्लेखनीय सफलता हासिल करते भारी मात्रा में लाखों रुपए मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि वीरवार को रात्रिकालीन गश्त दौरान एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई शुभकरण, एएसआई अशोक कुमार, एचसी ईशम सिंह, सुनील कुमार, लखविंद्र सिंह, चालक एचसी गुरलाल व होमगार्ड विकास की टीम पाई रोड़ पूंडरी के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को सहयोगी सूत्रों से गुप्त जानकारी मिली कि गांव नांगली सिरोही जिला महेंद्रगढ़ निवासी भूपेंद्र सिंह व अमित वरना गाड़ी में पिलनी रोड़ ब्रह्मानंद आश्रम के पास किसी को नशी पदार्थ गांजा फुल पत्ती देने के लिए आएंगे।

## जुलाना में बैंक की बड़ी लापरवाही

- बिना जांच किए दूसरी महिला को जारी कर दी पासबुक, खाते से 54 हजार निकले, तब पता चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के एसबीआई बैंक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बैंक के कर्मचारी ने बिना कागजात की जांच किए एक ही अकाउंट नंबर की दूसरी महिला को पासबुक जारी कर दी। महिला ने खाते से 54 हजार रुपये भी निकाल लिए। बुढ़ा खेड़ा लाठर गांव की महिला ने इसकी शिकायत जुलाना पुलिस, सीएम विंडो और बैंक की हेड ब्रांच को इसकी शिकायत दी है। शुक्रवार को बुढ़ा खेड़ा निवासी महिला संतोष ने बताया कि उसका किलाजफरगढ़ के एसबीआई बैंक में खाता है। जुलाना बैंक के कर्मचारी ने उसके बैंक खाते की पासबुक गांव की ही दुसरी महिला को जारी कर दी। जिस महिला को पासबुक जारी की उसने बैंक से 54 हजार रुपये निकाल लिए। उसका प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान पास हुआ था। जिसकी पहली किश्त 45 हजार खाते में आई थी। नौ हजार रुपये की राशि उसके खाते में पहले पड़ी हुई थी। आरोपी महिला ने उसके खाते से सारी राशि निकलवा ली। संतोष ने आरोप लगाया कि दोनों बैंक के कर्मचारियों ने फ्रॉड किया है। जुलाना शाखा के कर्मचारी ने बिना कागजात की जांच किए उसकी पास बुक किसी दूसरी महिला को दे दी और किलाजफरगढ़ ब्रांच के कर्मचारियों ने बिना फोटो का मिलान किए उसके खाते से राशि निकाल कर महिला को दी। बैंक कर्मचारी ने सात अप्रैल को फ्रॉड पास बुक जारी की उसी दिन उसके खाते में आई प्रधानमंत्री आवास योजना की 45 हजार रुपये की राशि निकाल ली जाती है। उसके दो माह बाद उसके खाते से नौ हजार रुपये निकाल लिए जाते हैं।

#### ये बोला मैनेजर

किलाजफरगढ़ ब्रांच मैनेजर अरूण मोर ने बताया कि आज छुट्टी पर हूं। सोमवार को बैंक जाकर चैक करेंगे कि कैशियर ने बिना जांच किए किसी दूसरी महिला के खाते से राशि निकालकर कैसे दे दी।

## रोडवेज बस में शॉर्ट शर्किट से लगी आग

### फायर बिग्रेड ने पाया आग पर काबू

- बस में लगभग 60 यात्री सवार थे बड़ा हादसा टला, सभी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना में शुक्रवार को रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पाकर फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। जींद डिपो की बस गुरूग्राम से जींद की ओर जा रही थी। बस जब जींद बाईपास के पास पहुंची तो खिड़की में खड़े यात्रियों ने चालक को धुआं उठने की सूचना अचानक बस बंद हो गई। बस को जब स्टार्ट किया तो नही हो पाई। चालक ने सभी सवारियों को नीचे उतार दिया। बस में शॉर्ट सर्किट हो गया। नीचे खड़ी सवारियों ने बस के नीचे धुआं उठता देखा तो इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। सूचना पाकर फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बस में लगभग 60 यात्री सवार थे। गनिमत रही कि कोई बड़ा हादसा नही हो पाया।

**सियासत** बैठक में 11 सदस्यों ने वाइस चेयरमैन के खिलाफ मतदान कर अविश्वास जताया

## ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन लाभ सिंह कसोर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित, कुर्सी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

ब्लॉक समिति सीवन में वाइस चेयरमैन पद को लेकर लंबे समय से चल रही राजनीतिक खींचतान आज अपने अंजाम पर पहुंच गई। वाइस चेयरमैन लाभ सिंह कसोर के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आज बहुमत से पारित हो गया, जिसके बाद उनकी कुर्सी चली गई। फैसला आज एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक समिति सदस्यों की विशेष बैठक में लिया गया। बैठक में 11 सदस्यों ने वाइस चेयरमैन के खिलाफ मतदान करते हुए अविश्वास जताया। इससे पहले सभी 11 सदस्यों ने जिला उपायुक्त को लिखित में शिकायत देकर वाइस चेयरमैन को हटाने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, लाभ सिंह कसोर पर कार्यशैली में पारदर्शिता की कमी, सदस्यों की अनदेखी और ब्लॉक समिति की बैठकों में असंतुलन जैसे आरोप लगाए गए थे। सदस्यों का कहना था कि वाइस चेयरमैन की कार्यशैली जनहित के अनुरूप नहीं है और इससे विकास कार्यों में बाधा आ रही थी। बैठक के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और प्रशासन की निगरानी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। अधिकारियों के अनुसार, अब वाइस चेयरमैन के पद के लिए पुनः चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। तब तक यह पद रिक्त रहेगा। संभावना है कि आने वाले दिनों में नए वाइस चेयरमैन के चयन को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होंगी।



अविश्वास प्रस्ताव के दौरान ब्लॉक समिति कार्यालय मे पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर व भाजपा कार्यकर्ता।



कैथल। सकसं प्रधान शिवचरण कर्मचारियों को संबोधित करते। फोटो :हरिभूमि

#### डीएमसी को सौंपा मांगपत्र

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बलोक कमेटी कैथल ने नगर परिषद मे सुबह 11 से 1 बजे तक कार्य कर धरना-प्रदर्शन किया ओर उसके बाद जिला नगर अयुक्त को माँगो का ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की 2 जुलाई की रात को शहर के बीचो -बीच भगत सिंह चौक पर सफाई कर्मचारियो व सीएसआई सुन्दर सिंह, कार्यकारी अधिकारी दीपक कुमार, जेई सनदिप कुमार, आशीष नैन, सागर को नालो की सफाई करने के उपरान्त दुकान दारो व बहरी लोंगो ने 2- तक बन्धक बनाया जान से मारने की धमकी देकर इन पर ओर इनकी गाडियो पर पथराव किया। करीब दो घंटे बाद पुलिस ने इनको मौके पर पहुंच कर पब्लिक से छुड़ाया इसमे वार्ड 23 के पार्षद रामबीर (लीलू सैणी )की भूमिका रही। पार्षद लीलू ने दुकानदारो व अन्य पब्लिक को उकसाया जिसके कारण ये सारा घटना हुई। प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्कीटाँक ने किया ओर ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की आप हमारे मुखिया हो और आप हमरी पैरवी कर आप डीसी व एसपी को ज्ञापन देकर जांच कर दोषियो पर कारवाई करने की माँग की।

## खबर संक्षेप

### बाइक भिड़ंत में युवक घायल, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बोहतवाला के निकट दो बाइकों के बीच हुई भिड़त में एक बाइक सवार घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव नगूरां निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार हो कर गांव की तरफ जा रहा था।

### रास्ता रोककर मारपीट कर किया घायल, केस

**कैथल।** थाना सदर पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पाडला के लखदेव ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 30 जून को जब वह पबनावा गांव से जा रहा था तो गांव के ही अभिषेक और भीम ने उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ लाठी और डंडों से मारपीट की। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

### घर में घुस मारपीट तथा तोड़फोड़ करने पर केस

**जींद।** गांव सिंसर में कहासुनी के चलते घर में घुस कर मारपीट करने, तोड़फोड़ करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सिंसर निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पडोसी सूबे परिवार के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर सूबे परिवार के लोग घर में घुस आए और हमला कर दिया।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते बाइक चोरी के मामले की जांच की जांच थाना राजोंद पुलिस के एएसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव नीमवाला निवासी सतविंदर सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव किच्छाना निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

### अवैध असलहा के साथ दो युवक दबोचे

**जींद।** जिला पुलिस ने दो स्थानों से दो युवकों को काबू कर कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि हुडा सैक्टर में एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ।

### पबनावा में मारपीट में दो युवक घायल

**कैथल।** गांव पबनावा में हुई मारपीट में दो युवक घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। यमुनानगर के रामकुमार ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 जुलाई को जब वह जसप्रीत के साथ गांव पबनावा की बस अड्डे के निकट से गुजर रहे थे तो 3 अज्ञात लड़कों ने उनका रास्ता रोकते हुए उसे तथा जसप्रीत को घायल कर दिया।

### रंजिशन रास्ता रोककर मारपीट, तीन नामजद

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द में रंजिशन रास्ता रोक मारपीट करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा खुर्द निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही रोहताश परिवार से रंजिश चली आ रही है।

### नशीले इंजेक्शन मंगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** निजी अस्पताल के दस्तावेज इस्तेमाल कर नशीले इंजेक्शन मंगाने के मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी बालु निवासी राकेश को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत किया पौधरोपण

**राजौंद**। ब्रह्मा कुमारीज राजौंद द्वारा एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत दुर्गा मंदिर राजौंद में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर दुर्गा मंदिर कमेटी प्रधान देवेंद्र तथा प्रदीप बहन उपस्थित रहे । भाई बहनों को जागरुक करते हुए ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि पेड़, तालाब, संत व मेह परमार्थ के लिए ही होते है। हमें अपने आप में व्याप्त वैमनस्य, राग-द्वेष, क्रोध, मान, माया व लोभ को दूर कर सद्भावना, शांति, करुणा, प्रेम का पौधा लगाना है, पौधे न सिर्फ हमको सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि हमारे अनेका अनेक बीमारियों को भी ठीक करते हैं।

### जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या, वीडियो वायरल

**कैथल**। अमरगढ़ गामड़ी कैथल गली नंबर 5 के करीब 40 वर्षीय मुकेश सैनी ने 3 जुलाई को घर में ही जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उससे पहले मुकेश सैनी ने अपने मोबाइल पर एक वीडियो रिकार्ड की और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस वीडियो में मुकेश सैनी अपनी मौत का जिम्मेदार राजकुमार सैनी व विजय सैनी को बता रहा है और बोल रहा है कि इन लोगों ने उसे बहुत परेशान कर दिया है।

### विवाहिता से किया जीजा ने दुष्कर्म का प्रयास, केस

**कैथल**। सीवन थाना के अधीन आने वाले एक गांव में 35 वर्षीय विवाहिता के साथ रिश्ते में लगने वाले जीजा की ओर से दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला सामने आया है। इस मामले में विवाहिता ने आरोपी पर उसके निर्माणाधीन मकान में दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। अब सीवन थाना की पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर आरोपी जीजा के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। थाने में दी शिकायत में 35 वर्षीय विवाहिता ने बताया कि वह अपने गांव में मकान बना रही है।



### इनेलो प्रदेशाध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल

**पूंडरी**। इनेलो के नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष पंडित देवेंद्र पुजारी के नेतृत्व में पूंडरी हल्के के ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने पार्टी में समाज के व्यक्ति को जिले में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। शिष्टमंडल ने कहा कि इनेलो द्वारा समाज को जो सम्मान मिला है, उससे पूरा ब्राह्मण वर्ग पार्टी की विचारधारा और नीतियों से प्रभावित हुआ है और अब बड़ी संख्या में समाज के लोग पार्टी से जुड़ने को इच्छुक हैं।

---

प्रधान सचिव राजीव रंजन ने राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में की जिले की प्रशंसा

# समाधान शिविर में आई शिकायतों के निवारण में प्रदेशभर में कैथल अव्वल

**डीसी ने जिले के अधिकारियों की पीठ थपथपाई, जिले में महज 21 शिकायत लंबित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। फोटो : हरिभूमि

जिले में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में आई आई शिकायतों के निवारण में कैथल जिला हरियाणा में नंबर वन जिला बना है। यहां पूरे प्रदेश में सबसे कम शिकायतें लंबित हैं। पूरे जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित महज 21 शिकायतें लंबित हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से प्रधान सचिव राजीव रंजन ने पूरे प्रदेश की समीक्षा बैठक में कैथल जिला प्रशासन द्वारा निपटाई जा रही शिकायतों पर सराहना की और दूसरे जिलों को भी इसी तरह कार्य करने का आह्वान किया।

प्रधान सचिव राजीव रंजन ने समीक्षा बैठक के दौरान कैथल जिला की दो रिओपन हुई शिकायतों पर फीडबैक लिया। जिनमें से थेह नेवल गांव के किसान की ट्रांसफार्मर से संबंधित एक शिकायत पर जेई के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

राज्यस्तरीय समीक्षा के बाद डीसी प्रीति ने समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान एवं प्रदेश में सबसे कम पेंडेंसी होने का श्रेय जिला की पूरी प्रशासनिक टीम को दिया। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी आपसी तालमेल से काम करेंगे तो इस तरह के परिणाम आएंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे इसी तरह पूरी लगन एवं ईमानदारी के साथ जन शिकायतों का समाधान करते रहें और बेहतर प्रफोरमेंस के स्टेटस को बरकरार रखें। समाधान शिविरों में आई शिकायतों का तुरंत समाधान कर गुणवत्तापूर्वक उनकी एटीआर अपलोड करें। जो शिकायत जिला स्तर पर नहीं सुलझाई जा सकती, इसके बारे में आला अधिकारियों को लिखें लेकिन अपने स्तर पर किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक प्राप्त हुई शिकायतों में से मात्र 21 शिकायतें लंबित हैं। इनमें पिछले सप्ताह प्राप्त हुई 12 शिकायतें भी शामिल हैं।

इस अवसर पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, जिला नगर आयुक्त सुशील कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश राविश, एचएसवीपी ईओ वकील अहमद, एसडीएम अजय सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी बीरभान, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआरओ चंद्रमोहन, रोडवेज जीएम कमलजीत चहल, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डा. मनोज सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जींद । वीसी में भाग लेते हुए अधिकारी।


## अबतक 9449 शिकायतें मिली, 7937 मामलों का हो चुका समाधान केवल 160 प्रकरण शेष

**जींद** । जिले में आयोजित हो रहे समाधान शिविर अब केवल शिकायत निवारण का मंच नही बल्कि जनता और प्रशासन के बीच भरोसे की मजबूत कड़ी बनते जा रहे हैं। आमजन को राहत पहुंचाने वाले इन शिविरों की समीक्षा शुक्रवार को चंडीगढ़ से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस बैठक में जींद उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि अबतक जिले में कुल 9449 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से लगभग 7937 मामलों का समाधान हो चुका है। केवल 160 प्रकरण शेष हैं, जिन पर संबंधित विभाग सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लंबित मामले की स्थिति रियल टाइम में अपडेट होनी चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे और आमजन को भरोसा मिल सके। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। उपायुक्त ने यह भी कहा कि समाधान शिविर प्रशासन की जवाबदेही, संवेदनशीलता और सेवा भावना का जीवंत प्रमाण बन चुके हैं। शहरी ही नही ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग इन शिविरों में भाग ले रहे हैं। जिससे उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान हो रहा है और प्रशासन के प्रति विश्वास और गहराता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों का समाधान केवल दायित्व नही बल्कि सुशासन की बुनियाद है। इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि जो शिकायतें अधिक पुरानी है, उन पर विशेष ध्यान देकर जल्द निपटाया जाए। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान मान, सीईओ जिला परिषद अनिल दून, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम डा. आशीष देशवाल, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# हड़ताल की सफलता को लेकर मंथन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। अलग-अलग विभिगों में जन संपर्क अभियान चलाते कर्मचारी नेता।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन एवं राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता को लेकर कर्मचारियों ने बैठकों का दौर तेज कर दिया है। इसके तहत शुक्रवार को कलायत में संगठन की बैठक हुई। सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रैस प्रवक्ता सुरेश उचाना, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश शास्त्री, सीटू नेता सत्यवान और एमपीएचई एसोसिएशन जिलाध्यक्ष देवीरानी ने उपमण्डल नागरिक अस्पताल में बैठक की। इसकी अध्यक्षता युवा कर्मचारी नेता नरेंद्र बुरा ने की। गेट मीटिंग के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संगठन नेताओं ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार सभी तरह के कर्मचारियों, परियोजना कर्मियों, मजदूरों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा के साथ-साथ वादाखिलाफी भी कर रही है। यह लोकतांत्रिक अधिकारों पर भारी हमला है। इसे बर्दास्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कई बार की चुकी है। सरकार बातचीत से समाधान करना नहीं चहती जिससे कर्मियों में लगातार रोष बढ़ रहा है। बाद हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 के कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय संयुक्त मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में उपस्थित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से रूबरू सर्व कर्मचारी संघ राज्य उपाध्यक्ष जरनैल सिंह और जिलाध्यक्ष शिवचरण ने मुख्य मांगों का उल्लेख किया। उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य मे अलग से वेतन अयोग का गठन करने और जब तक वेतन अयोग लागू नहीं किया जाता तब तक सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार पांच हजार रूपये अंतरिम राहत दी जाए। आठवे वेतन आयोग से पहले सातवें वेतन अयोग की विसंगति दुरुस्त की जाए। हटाए गए कौशल के सभी कर्मचारियों को वापिस लेते हुए नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। तमाम परियोजना कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा देकर पक्का किया जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए व एक्सग्रेसिया पॉलिसी से सभी शर्ते हटाई जाए। बढ़ते हुए महंगाई भत्ते के अनुसार आवास भत्ते में बढ़ोतरी की जाए।

## कैथल: ममता का हालचाल जानने के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचे विधायक सुरजेवाला

- प्रदेश में दलित समाज की बेटियों पर अत्याचार की हद-दुर्व्यवहार की इंतहा, दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की मांग भी उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



आदित्य सुरजेवाला अस्पताल में पीडित से बातचीत करते।

सीवन थाना क्षेत्र में पूछताछ के नाम पर दलित महिला ममता को थाने में बुलाकर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किए जाने के आरोपों के बाद कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला पीड़ित महिला के समर्थन में आगे आए और कैथल के सिविल अस्पताल में जाकर दलित महिला का हालचाल जाना और मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। आदित्य ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते कहा कि पुलिस थाना में दलित बेटी ममता के साथ की बर्बर मारपीट और थर्ड डिग्री टॉर्चर। शरीर पर गहरे चोट के निशान, गुप्तांगों पर हमला और मानसिक उत्पीड़न दिया। जो हरियाणा के इतिहास में कभी नहीं हुआ। भाजपा शासन में दलितों पर किए जा रहे अत्याचार और दुर्व्यवहार भाजपा के दलित विरोधी चाल, चरित्र और चेहरे को बेनकाब करता है। आदित्य ने कहा कि क्या यही है भाजपा सरकार का /"सुरक्षित हरियाणा/"? आखिर भाजपा को दलितों से इतनी नफ़रत क्यों है? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार ने भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी की खामोशी और दोषियों पर कोई कार्रवाई न होना भाजपा सरकार की संलिप्तता को बयां कर रहा है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से जवाब मांगते हुए कहा कि गृह मंत्रालय भी मुख्यमंत्री नायब सैनी के पास है, पुलिस थाना में दलित महिला के साथ बर्बर मारपीट, थर्ड डिग्री टॉर्चर किया।

---

## हर युवा को योग्यता के दम पर मिल रहा अवसर भाजपा सरकार की पारदर्शिता ऐतिहासिक : साकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



भारतीय जनता पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष, मार्केट कमेटी ढांड के पूर्व चेयरमैन व जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य ईशम सिंह साकरा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को सम्मानजनक और योग्यता आधारित रोजगार देने की दिशा में जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे देशभर के लिए उदाहरण बन चुके हैं। बिना सिफारिश, बिना रिश्वत का जो नया अध्याय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के नेतृत्व में लिखा जा रहा है, वह ईमानदार शासन की पहचान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने भर्तियों को राजनीतिक दखल और भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त किया है। गुरप-डी की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, जिसमें 7 हजार पदों पर योग्यता के आधार पर चयन किया जा रहा है, उसी नीति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का फोकस सिर्फ रोजगार देने पर नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को 51,000 तक की वार्षिक सहायता देकर उन्हें एक नई शुरुआत का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में नौजवानों को अब नौकरी पाने के लिए न नेताओं के चक्कर लगाने की जरूरत है, न किसी दलाल के पास जाने की। अब केवल मेहनत और प्रतिभा ही सफलता की कुंजी है। यही न्यू हरियाणा की असली तस्वीर है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में जो सुधार हुए हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी की दूरदृष्टि का नतीजा हैं। सरकार हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया ।

## मुंदड़ी स्कूल में एक व्यक्ति एक पेड़ मुहिम के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पौधरोपण करते प्रिंसिपल, स्कूल स्टाफ, ग्रामीणों व छात्र।

शहीद सिपाही सरजू राम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुंदड़ी में शुक्रवार को 'एक व्यक्ति एक पेड़' अभियान के अंतर्गत एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 14 से जिला पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार टाया ने विशेष रूप से शिरकत की।

इस पर्यावरणीय पहल का आयोजन गांव के युवा समाजसेवी सतबीर सिंह मूंदड़ी की ओर से किया गया। उन्होंने स्कूल परिसर की हरियाली बढ़ाने के लिए न केवल 20 सुंदर गमले दान किए, बल्कि लगभग 20 पौधे मुख्य अतिथि, प्रिंसिपल, स्कूल स्टाफ, ग्रामीणों व छात्रों के सहयोग से रोपवाए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को पौधों की नियमित देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलवाया गया। समाजसेवी सतबीर सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। यदि हम हर वर्ष एक पौधा भी लगाकर उसकी देखभाल करें, तो आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर पर्यावरण दे सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में सतबीर सिंह ने मुख्य अतिथि और प्रिंसिपल सुरेश कुमार को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। बच्चों को लड्डू वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें राजेश कुमार, पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार, विक्की व शमशेर सिंह, डॉ. पवन कुमार, स्कूल स्टाफ सदस्य व स्टेट अवॉर्डी खुशी राम, राजबीर, बलराज, पुष्पा, सुनीता, संतोष, गीता, पीटीआई रामेश्वर, संदीप, पूजा और भागवंती का विशेष योगदान रहा।

## गांव जाखौली में धन्ना भक्त मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ



कैथल। धन्ना भक्त मंदिर में यज्ञ में आहुति डालते दीप मलिक जाखौली और जितेंद्र कादियान।

**कैथल** । जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन दीप मलिक और जाखौली के सरपंच जितेन्द्र कादयान ने गांव जखौली में श्री जाट धन्ना भक्त मंदिर के पावन निर्माण कार्य पर हवन में आहुति डालकर कार्य का शुभारंभ किया। मलिक ने बताया कि धन्ना भगत एक महान व्यक्ति हुए हैं जिनकी भक्ति से खुद परमात्मा भी खुश हो गए थे। उन्होने गांव गांव जाकर भक्ति की अलख जगाई तथा समाजसेवा की। हम सभी धन्ना भक्त के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। इस शुभ अवसर पर सरपंच के पिता अजमेर कादयान सहित गांव के अनेक गणमान्य एवं सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने का ऐलान किया।

---

सहकारी चीनी मिल में किया पौधरोपण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण और जीवन रक्षा के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डीसी प्रीति रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते। फोटो :हरिभूमि

डीसी प्रीति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जीवन रक्षा के सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। पौधारोपण और रक्तदान जैसे नेक कार्य ही एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की नींव रखते हैं। रक्तदान करने से जहां जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, वहीं पौधारोपण करने से ऑक्सीजन की कमी को पूरा किया जा सकता है। डीसी प्रीति शुक्रवार को सहकारी चीनी मिल कैथल में आयोजित रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में चल रहे एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल भी करें। इसी कड़ी में सहकारी चीनी मिल की ओर से किया गया यह प्रयास समाज में पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### चालीस यूनिट रक्त एकत्रित

सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं रक्तदान के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसमें सक्रिय रूप से शामिल करना। सहकारिता सप्ताह के दौरान मिल परिसर में एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक कर्मचारी दो-दो पौधे रोपित करेंगे और उनका पालन पोषण करेंगे। वहीं रक्तदान शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया, जो कई लोगों की जान बचाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मिल के सभी निदेशकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और रक्तदान करने के साथ-साथ पौधरोपण भी किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गन्ना प्रबंधक जसविंद्र सिंह, मुख्य रसायनविद् कमलकांत तिवारी, अदिल अहमद सिद्दीकी, सेल मैनेजर जगदीश चंद, पवन शर्मा, निदेशक जितेंद्र कादयान, राजपाल ढुल, रामेश्वर ढुल, शमशेर कुंडु, रणबीर, दयासिंह विर्क सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गरीबों को मिलने वाला राशन और ज़रूरी जीवनोपयोगी वस्तुएं लगातार महंगी की जा रही



**पूंडरी**। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बलकार सिंह पूंडरी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गरीबों को मिलने वाला राशन और ज़रूरी जीवनोपयोगी वस्तुएं लगातार महंगी की जा रही हैं। सरकार की गलत नीतियों के कारण आम आदमी की थाली से निवाला तक छिन रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने वादों से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया है। जिन बी.पी.एल. कार्ड धारकों को पहले सरकार की योजनाओं का सहारा था, अब उन्हें भी राहत मिलनी बंद हो गई है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है और सरकार आम जनता की परेशानियों से पूरी तरह बेखबर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बिजली, गैस, खाद्य पदार्थ और दवाइयों जैसी बुनियादी ज़रूरतों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि करके सरकार गरीब व मध्यम वर्ग की कमर तोड़ रही है। पी.डी.एस. प्रणाली को कमजोर करने का काम जानबूझकर किया जा रहा है ताकि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अमीरों को टैक्स में छूट देती है, लेकिन आम मेहनतकश जनता पर बोझ डालती है। उन्होंने कहा कि जब देश के करोड़ों लोग एक वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हों, तब सरकार का मौन रहना सबसे बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान और मजदूर के हितों की लड़ाई लड़ती रही है।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा0 प्रा0 पाठशाला टीक जिला कैथल में नकारा हुए 3 कमरों की बोली दिनांक 11-07-2025 को प्रातः 10:00 बजे रा0 प्रा0 पाठशाला टीक में करवाई जाएगी। बोली की अन्य शर्तें व जमानत राशि मौके पर सुना दी जाएंगी।

सुनील कुमार, हैडमास्टर
मो. नं. 9541621100

## खबर संक्षेप

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** कस्बा कलायत से कर एक दुकान का ताला तोड़ते हुए वहां पर रखा हजारों का सामान चुरा कर ले गए। गांव कोलेखा के सतनारायण ने कलायत पुलिस शिकायत में आरोप लगाया है कि 22 जून को चोर कलायत स्थित उसकी दुकान का ताला तोड़ते हुए उसमें रखे पांच पंखे, पांच कूलर, मोटर, प्रेस तथा 50 किलो तांबा की तार चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी एचसी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सात जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन

**नरवाना।** उपमंडल रोजगार कार्यालय द्वारा 07 जुलाई 2025 दिन ;सोमवारद्ध को सुबह 11 बजे एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस ड्राइव में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा नरवाना मे ब्रांच वैलनेस सलाहकार एवं ब्रांच मैनेजर पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। कंपनी के प्रतिनिधि मौके पर ही अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लेंगे। इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पासए अविवाहित तथा आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 8 हजार रुपए से 12 हजार रुपए तक का मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। यह एक स्थायी नौकरी का अवसर होगाए जिसमें आगे पदोन्नति की संभावनाएँ भी रहेंगी। रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया निःशुल्क है।

### निर्माण और मनरेगा मजदूरों, कर्मियों की बैठक

**जींद।** नौ जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को लेकर शनिवार जींद के लखमीरवाला, निर्जन, अहिरका, चंद्रलोक कॉलोनी, लेबर चौक सफीदों रोड पर निर्माण व मनरेगा मजदूरों व कर्मचारियों की बैठकें हुई। जींद में कल से हड़ताल की तैयारियों को लेकर राज्य स्तरीय जत्था आया हुआ। जिसे जींद में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। सीटू राज्य अध्यक्ष सुरेखा, संजीव ढांडा ने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार मजदूर, कर्मचारी, किसान विरोधी फैसले लेकर जनता में असंतोष पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पांच साल पहले कारपोरेट, पूंजीपतियों के हित में मजदूर विरोधी चार लेबर कोड पारित किए थे।

### कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**नरवाना।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार स्थानीय न्यायिक परिसर में आगामी 12 जुलाई को सुबह दस बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सब डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एवं उपमंडल स्तरीय विधिक सेवाएं समिति के चेयरमैन संदीप कुमार द्वारा जारी आदेशानुसार यह लोक अदालत ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अश्वनी गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित होगी। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट में लंबित विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटान किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में पीड़ित पक्ष से सुनवाई के लिए किसी भी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी।

### आईटीआई में दाखिले को लेकर छात्राओं ने करवाए दस्तावेज चैक

# मिशन एडमिशनः इलेक्ट्रीशियन और फिटर कोपा, स्टेनो ट्रेड बनीं छात्रों की पहली पसंद

**प्रथम मेरिट सूची में 811 विद्यार्थियों का चयन दोनों संस्थानों में 1216 सीटें, जींद आईटीआई में 944 सीटों पर अभी 666 विद्यार्थियों का चयन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर शुक्रवार को छात्रों ने अपनी-अपनी फीस जमा करवाई। राजकीय आईटीआई जींद के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बताया कि संस्थान द्वारा चयनित विद्यार्थियों को मोबाइल संदेशों और फोन कॉल्स से सूचना दी जा रही है ताकि वे निर्धारित समय में दाखिला ले सकें। संस्थान प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जो विद्यार्थी प्रथम मेरिट सूची में चयनित हुए हैं वे आठ जुलाई तक अपने दस्तावेजों की जांच करा सकते हैं। दस्तावेज सत्यापन के बाद चयनित विद्यार्थी नौ जुलाई तक ऑनलाइन फीस जमा कराकर अपने दाखिले की पुष्टि कर सकते हैं।

जींद शहर में दो राजकीय आईटीआई हैं। जिनमें आईटीआई जींद और आईटीआई (महिला) शामिल है। दोनों में कुल 1216 सीटें उपलब्ध हैं। इन पर दाखिले के लिए जारी की गई प्रथम मेरिट सूची में कुल 811 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनमें से आईटीआई जींद में 944 सीटों के लिए 666 चयन हुए हैं। 272 सीटों के लिए 145 चयन महिला आईटीआई में हुए हैं। अब तक केवल 71 विद्यार्थियों ने ही दोनों संस्थान में दाखिला प्रक्रिया पूर्ण की है। अभी भी कई सीटें खाली हैं जिन्हें भरने के लिए दूसरी मेरिट सूची 11 जुलाई को जारी की जाएगी। जिन्हें पहली सूची में स्थान नहीं मिला, उन्हें अगली सूची में मौका मिलेगा।



**जींद।** दाखिले के लिए दस्तावेज का सत्यापन करवाने आए छात्र।



**कैथल।** कैथल के आईटीआई में दाखिला करते दाखिला कमेटी के सदस्य।



फोटो :हरिभूमि

### प्रथम मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

| ट्रेड | सीट | दाखिले | ट्रेड | सीट | दाखिले |
|---|---|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 80 | 70 | ड्राफ्ट्समैन मैके. | 20 | 13 |
| कंप्यूटर प्रोग्राम | 48 | 44 | वेल्डर ड्यूल एच | 40 | 23 |
| वायरमैन | 40 | 31 | मैकेनिक ट्रैक्टर | 40 | 24 |
| फीटर | 40 | 30 | टीपीईएस | 24 | 15 |
| स्टेनो हिंदी | 48 | 45 | फीटर ड्यूल एच | 20 | 12 |
| मैकेनिकल डीजल | 24 | 16 | पेंटर | 20 | 11 |
| आरएसी | 24 | 15 | ड्रेस मेकिंग | 40 | 21 |
| स्टेनो अंग्रेजी | 48 | 44 | मैकेनिक ड्यूल एच | 24 | 14 |
| इले. मैकेनिक | 48 | 34 | जीओ इनर्फ ोमेटिक असिस्टेंट | 48 | 35 |
| मैके. मोटर व्हीकल | 24 | 18 | वुड वर्क टेक्नीशियन | 48 | 22 |
| प्लंबर | 48 | 28 | स्यूइंग टेक्नॉलोजी | 40 | 24 |
| ड्राफ्ट्समैन सिविल | 24 | 20 | मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल | 24 | 15 |
| मशीनिस्ट | 40 | 30 | कुल | 944 | 666 |
| टर्नर | 20 | 12 | | | |

### दाखिले के लिए शनिवार को भी खुलेंगी आईटीआई

**कैथल।** वीरवार को पहली मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी होने पर शुक्रवार को आईटीआई में पूरे दिन डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाते हुए दाखिल लेने वाले विद्यार्थियों का तांता लगा रहा। दाखिले को लेकर पहले से ही पूर्ण प्रबंध किए गए हैं। प्राचार्य सतीश मच्छाल और दाखिला कमेटी इंचार्ज संजय सिंह वर्ग अनुदेशक ने बताया कि दाखिले को लेकर शनिवार को भी आईटीआई खुली रहेगी तथा विद्यार्थी आकर अपना दाखिला ले सकते हैं। शुक्रवार तक संस्थान में 123 दाखिले किए गए हैं। कैथल आईटीआई में 1250 सीटों के प्रति 8474 आवेदन पहुंचे हैं। विभाग द्वारा वीरवार को जारी की गई प्रथम मेरिट लिस्ट में 771 सीट जारी की गई हैं। ऐसे में इन विद्यार्थियों को डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाने के लिए 7 जुलाई तथा फीस भरने के लिए 8 जुलाई निर्धारित की है। प्रदेश के अधिकतर राजकीय आईटीआई में शनिवार को अवकाश होने के बावजूद भी दाखिला कमेटियों द्वारा दाखिला किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को सीट जारी संबंधित मैसेज मिला है तो वे आनलाइन पोर्टल से अपना सीट अलाटमेंट लेटर लेकर संबंधित आईटीआई में जाकर दाखिला ले सकेंगे।07 जुलाई तक करवा सकेगे फिजिकल वैरीफिकेशन पहली मैरिट सूची में जिन विद्यार्थियों को सीट अलाटमेंट की गई हैं तो वे 7 जुलाई तक संबंधित आईटीआई में जाकर अपने मूल दस्तावेजों के साथ फिजिकल वैरीफिकेशन करवा सकते हैं। विद्यार्थी को आनलाइन पोर्टल पर ही 8 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवानी होगी। जो विद्यार्थी फीस जमा नहीं करवाएंगे उनकी सीट अपने आप ही रद्द हो जाएगी। जिन्हें पहली मैरिट में सीट अलाट हुई है लेकिन यदि विद्यार्थी उस सीट पर दाखिला नहीं लेना चाहता तथा अपनी च्वाइस बदलना चाहता है तो इसके लिए उसे 7 जुलाई को पोर्टल पर 500 रुपये जुर्माना अदा करना होगा। यदि जुर्माना अदा नहीं किया तो उसकी च्वाइस लॉक हो जाएगी तथा वह आगामी मेरिट लिस्ट में भाग नहीं ले सकेंगे।

### सीआरएसयू में नौ तक करें ऑनलाइन आवेदन



**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर (यूजी) के पाठ्यक्रमों में कुल 210 सीटों के लिए अब तक 703 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विधि संकाय के बीए एलएलबी ऑनर्स पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर 229 आवेदन, व्यवसाय प्रबंधन (बीबीए एनईपी 2020) की 60 सीटों पर 172 आवेदन तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग (बीसीए एनईपी 2020) की 30 सीटों पर 197 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में कुल 1185 सीटों के लिए 1467 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनमें शारीरिक शिक्षा स्नातक बीपी एड की 50 सीटों पर 129 आवेदन तथा शारीरिक शिक्षा परास्नातक (एमपीएड) की 40 सीटों पर 146 आवेदन सम्मिलित हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों का बढ़ता रुझान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और समर्पित शिक्षकों पर विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और हम सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा व समग्र विकास हेतु सतत प्रयासरत हैं। प्रो. सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उसके रुचि क्षेत्र में आगे बढने के लिए उचित मंच प्रदान करना भी है। उन्होंने यह भी बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदन की अंतिम तिथि बढाई है ताकि कोई भी इच्छुक विद्यार्थी अवसर से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए प्रत्येक निर्णय ले रहा है।

# राष्ट्रीय में मूर्तिकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे शिवांश

- गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का छात्र बना जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते हुए।

गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र शिवांश ने राष्ट्रीय स्तर की किस्में कितना है दम टीवी शो के तहत आयोजित मूर्ति कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले और विद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया है। यह प्रतियोगिता पांच चरणों में संपन्न हुई। जिसमें जिला, मंडल, राज्य और क्षेत्रीय स्तरों को पार करते हुए शिवांश ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला पंजाब के धुरी में आयोजित किया गयाद्ध जहां देशभर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिवांश को 3100 रुपये नगद पुरस्कार, प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। जो कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के कई छात्र कला की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का परिचय देते आए हैं और निरंतर विद्यालय व जिले का मान बढ़ा रहे हैं। शिवांश की इस उपलब्धि ने हमें गर्व का अनुभव कराया है।

# हेल्प डेस्क लगाकर किया जा रहा जागरूक

- 12 जुलाई को जिला व उपमंडल स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




**जींद।** जानकारी देते हुए सदसय। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को जींद, नरवाना एवं सफीदों न्यायिक परिसरों में किया जाएगा। सीजेएम मोनिका ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्राधिकरण की ओर से जिला न्यायालय परिसर तथा एडीआर सेंटरए जींद में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। इन हेल्प डेस्क के माध्यम से न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है और लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लाभ भी बताए जा रहे हैं। हेल्प डेस्क पर एक रिटेनर अधिवक्ता व दो पारा लीगल वॉलंटियर्स ;अधिकार मित्रद्ध की ड्यूटी लगाई गई है। प्राधिकरण सचिव ने आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए और इसमें अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करवाने के लिए सभी को बढ़.चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों आदि के उच्च अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया गया हैए ताकि आम जनता को विशेष रूप से लोन रिकवरी, वाहन दुर्घटना मुआवजा, बिजली विभाग, सिंचाई विभाग, पंचायती राज आदि के मामलों में अधिकतम राहत आपसी सहमति के आधार पर दिलाई जा सके। सीजेएम मोनिका ने कहा कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली का एक सशक्त माध्यम है, जो समय के साथ भारतीय न्याय प्रणाली का एक प्रभावी हिस्सा बन चुकी है। लोक अदालतें न केवल लंबित मामलों को सुलझाती हैं बल्कि पक्षकारों के बीच उत्पन्न विवादों को आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाती हैं।

# एसडीएम ने किया केजीबेवी मटौर का औचक निरीक्षण

- स्कूल शिक्षकों को लापरवाही करने पर कार्रवाई करने की दी चेतावनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा गांव मटौर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्कूलों में सफाई व्यवस्था भी अच्छी होनी चाहिए। स्कूलों में कहीं भी अव्यवस्था का माहौल नहीं होना चाहिए। यदि कहीं से कोई लापरवाही हुई तो अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी

एसडीएम शुक्रवार को गांव मटौर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्था को देखा और मौके पर मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों को निरंतर सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने स्कूल में हाजिरी रजिस्टर को चेक किया, जो सही पाया गया। अधिकारी विद्यार्थियों को सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। यदि कोई ऐसी समस्या है जो मुख्यालय स्तर पर होनी है, इसकी पूर्ण जानकारी उपमंडल स्तर कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।



**राजौंद।** मीटिंग के दौरान मौजूद आशा वर्कर व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### एक बेटी शिक्षित होने से दो परिवार होते हैं शिक्षित

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 3 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर डॉक्टर कीर्ति शर्मा के आदेशों की पालना करते हुए एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता सी एच ओ जितेंद्र दर्शन चहल व रजनी एनम एम ने की । उन्होंने कहा कि एक बेटी के शिक्षित होने से दो परिवार शिक्षित होते हैं। बेटियां आज किसी भी वर्ग में लड़कों से कम नहीं है बेटियां आज पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपना दम दिखा रही है और लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं इसलिए हमें लड़कियों को शिक्षित करने की अति आवश्यकता है। इसके अलावा सरकार द्वारा लड़कियों के लिए विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इस दौरान दर्शन ने बताया कि मीटिंग करने का मुख्य उद्देश्य घटते हुए लिंगानुपात के बारे में है जो एक गहन समस्या है। लोगों को समझाया की बेटी अब बोझ नहीं है बेटी किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है वह धरती से लेकर आसमान तक उड़ान भर रही है। मीटिंग में राजा, रानी, कविता, उषा, माया, शीला, आशा रानी, शकुंतला रानी, आशा वर्कर ने मीटिंग में अहम भूमिका निभाई।

# मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल से 3 पंखे, पानी की मोटर चोरी

- छात्रों को गर्मी में हो रही भारी परेशानी, स्कूल प्रशासन ने पुलिस को दी शिकायत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** स्कूल में यहां से चुराया गया पंखा।

सरकारी अस्पताल के निकट स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने विद्यालय परिसर से तीन पंखे और एक पानी की मोटर चुरा ली। यह घटना दो जुलाई की रात की बताई जा रही है।

विद्यालय प्रभारी केशव राय ने इस संबंध में सीवन पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। इंचार्ज केशव राय ने बताया कि वीरवार को स्कूल की छुट्टी के बाद वे विद्यालय बंद करके अपने घर चले गए थे। अगले दिन जब वे विद्यालय पहुंचे तो देखा कि स्कूल के कमरे में लगे तीन पंखे और पानी की मोटर गायब हैं। यह पंखे समाजसेवी की ओर से दान स्वरूप दिए गए थे, ताकि गर्मी के मौसम में बच्चों को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि चोरी की इस घटना से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में बिना पंखों के पढ़ाई करना बच्चों के लिए कठिन हो गया है। इसके साथ ही पानी की मोटर चोरी हो जाने के कारण पीने के पानी की व्यवस्था भी बाधित हो गई है।

# नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे सभी कर्मचारीः शास्त्री

- सरकार मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद कर रही है-शकुंतला देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** पूंडरी में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स ।

पूंडरी किसान भवन में हल्का प्रधान मनजीत कौर हलका प्रधान की अध्यक्षता में आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की बैठक हुई । जिसमें शकुंतला देवी प्रदेश महासचिव आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन, कमल कौर खंड प्रधान आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन डांड, कृष्ण करोड़ा हलका प्रधान सर्व कर्मचारी संघ पूंडरी, लक्ष्मण शास्त्री हल्का सचिव अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने भाग लिया। शकुंतला देवी प्रदेश महासचिव आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन ने कहा कि सरकार के द्वारा जो मिनी आंगनवाड़ी केंद्र बंद किया जा रहे हैं। सरकार फैसले को वापस ले नहीं तो आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। लक्ष्मण शास्त्री ने कहा कि अतिशीघ्र आठवें वेतन आयोग का गठन करने और जब तक आठवां वेतन अयोग लागू नहीं किया जाता सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार 5 हजार रूपये अंतरिम राहत के रूप मे देना, आठवें वेतन आयोग से पहले 7वें वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करें।

### एसडीएम ने बैठक में की जलभराव से निपटने पर की चर्चा

# आपसी तालमेल कर पानी निकासी से निपटें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



**नरवाना।** अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में अधिकारियों की विशेष बैठक संपन्न हुई। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में बुलाई गई इस बैठक में बरसाती सीजन के दौरान संभावित बाढ़ नियंत्रण तथा जल भराव की स्थिति से निपटने बारे किए जाने वाले आवश्यक प्रबंधों पर चर्चा हुई?। बैठक में तहसीलदार निखिल सिंगलाए बीडीपीओ उझाना अन्नु टांकए ईओ नगर परिषद रविंद्र कुमारए एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग कुलदीपए एसडीओ सिंचाई विभाग सुमित कुमारए एसडीओ बिजली विभाग महेश कुमारए जेई जन स्वास्थ्य विभाग मनजीत तथा जेई सोमबीर के अलावा एनएचएआई प्रभारी अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम ने निर्देश दिए कि वर्तमान बरसाती सीजन के दौरान सभी अधिकारी आपसी तालमेल से आशंकित बाढ़ प्रभावित एवं जल भराव क्षेत्र में पुख्ता राहत प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर में सीवरेज व्यवस्था एवं जल निकासी के लिए आवश्यक स्थान पर अतिरिक्त पम्पसेट इत्यादि तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं रखें। ऐसी जगह जहां जल भराव की ज्यादा आशंका रहती है वहां पर भी तुरंत पानी निकासी के प्रबंध रखें। सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बारिश के दौरान संभावित गांवो के खेतों में बाढ़ नियंत्रण एवं ड्रेन इत्यादि में बरसाती पानी निकासी की भी व्यवस्था करें। इसके अलावा ग्रामीण आबादी में तालाबों के ओवरफ्लो होने से आशंकित जल भराव से निपटने के लिए संबंधित पंचायत को डीजल इंजनए मोटर एवं पम्प सेट इत्यादि आवश्यकता अनुसार उपलब्ध करवाए। एसडीएम जगदीश चंद्र ने यह भी कहा कि एनएचएआई के अधिकारी नगर परिषद एवं जनस्वास्थ्य विभाग से आपसी तालमेल के साथ मैन रोड तथा सर्विस रोड पर नालों की सफाई रखें और सीवरेज भी दुरुस्त रखें साथ ही जहां कहीं सड़कों पर गड्ढे हैं उन्हें तुरंत ब्लॉक इत्यादि लगाकर भरवाएं। बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को वर्तमान बरसाती सीजन के दौरान एक दूसरे से लगातार संपर्क में रहें।